# OXFORD PUBLIC SCHOOL

Ph: 748596731

AFFILIATED TO C.B.S.E. DELHI, SCHOOL CODE No: 8268

Pragati Path, Ranchi 834 001, Jharkhand

Website: www.oxfordpublicschool.net.in ; E-mail: oxfordpsranchi@rediffmail.com


**प्रेस विज्ञप्ति**

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, राँची में स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन

15 अगस्त, 2024:

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, राँची के प्रांगण में 78वां स्वतंत्रता दिवस पूरी देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्य अतिथि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल समूह की सचिव श्रीमती किरण मेहता ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और चारो सदनों - शेक्सपियर, बायरन, कीट्स और इलियट द्वारा प्रदर्शित शानदार मार्च पास्ट की सलामी ली। मार्च पास्ट में बायरन सदन चैंपियन बना इस सदन को मार्च पास्ट के दौरान बेहतर सामंजस्य, अनुशासन और सामूहिक कदम ताल के लिए विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई।

समारोह के मुख्य आकर्षण का केंद्र  विद्यार्थियों के द्वारा प्रस्तुत किये गये बैंड प्रदर्शन, विभिन्न राज्यों के प्रमुख लोक नृत्य और भारत की विभिन्न भाषाओँ में प्रस्तुत लोक गीत प्रतियोगिताएं रहीं।

अंतर सदन लोक गीत प्रतियोगिता में कीट्स सदन ने प्रथम, एलियट सदन ने  द्वितीय, शेक्सपियर सदन ने तृतीय तथा बायरन सदन ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। अंतर सदन लोक नृत्य प्रतियोगिता में कीट्स सदन ने प्रथम, एलियट सदन ने द्वितीय, बायरन सदन ने तृतीय और शेक्सपियर सदन ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

जूनियर विंग के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने समूह गीत 'हे जन्मभूमि, हे मातृभूमि' प्रस्तुत कर सभी के दिलों में मातृभूमि के प्रति देशभक्ति की भावना जगा दी।

इस गरिमापूर्ण अवसर पर ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल समूह के चेयरमैन डॉ. एस.बी.पी. मेहता ने अपने संदेश में अमर शहीदों को नमन करते हुए विद्यालय परिवार को 78वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी तथा विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल समूह की सचिव श्रीमती किरण मेहता ने अपने आशीर्वचन में कहा कि किसी भी व्यक्ति के लिए उसका पहला कर्तव्य देश की सुरक्षा एवं देश का सम्मान होना चाहिए। विद्यार्थियों को मन लगाकर पढाई करने और देश सेवा में अपना योगदान देने के लिए उन्होंने प्रेरित किया। उन्होंने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सिमी मेहता ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी विद्यार्थियों को इस महत्वपूर्ण अवसर पर तन, मन और समर्पण की भावना से राष्ट्र की सेवा में भाग लेने और इसे अक्षुण्ण रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को भारत का भविष्य बताते हुए राष्ट्रहित में उनके योगदान को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने समाज में व्याप्त पीड़ा, गरीबी, अन्याय, भेदभाव और भ्रष्टाचार की ओर इशारा करते हुए विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों से आत्मनिरीक्षण करने, आत्मचिंतन करने और राष्ट्र की बहादुरी

और गौरव को बरकरार रखते हुए समाज को बदलने के लिए कड़ी मेहनत करने की अपील की। जिसमें न्याय, समानता, एकता और अखंडता होगी जो 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करेगी।

प्राचार्य रंजीत कुमार ठाकुर ने स्वतंत्रता संग्राम में महान स्वतंत्रता सेनानियों की उल्लेखनीय भूमिकाओं की याद दिलायी और सभी से महान राष्ट्र के विकास के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने माता-पिता और अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को महान स्वतंत्रता सेनानियों की कहानियाँ सुनाएँ ताकि उनमें मानवीय मूल्यों का विकास हो और राष्ट्र के प्रति गौरव बढ़े।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर, गणमान्य व्यक्तियों ने 9वीं अंतर जिला सत्यानंद योग चैम्पियनशिप के विजेताओं को सम्मानित किया, जिसमें 15 विद्यार्थियों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक तथा प्रमाण पत्र प्राप्त किए। इंटर-हाउस कैरिकेचर प्रतियोगिता के 15 विजेताओं, इंटर-हाउस पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के 15 विजेताओं और इंटर-हाउस टेबल टेनिस टूर्नामेंट के 30 विजेताओं को गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा प्रमाण पत्र प्राप्त प्रदान किए गए।

इस स्वर्णिम अवसर पर एकेडमिक को-ऑर्डिनेटर रवि शेखर, जूनियर विंग इंचार्ज राजकिशोर शर्मा, नर्सरी विंग की प्राचार्या सोमा घोष, परीक्षा नियंत्रक पी. तमिल सेल्वी, प्रेस एवं मिडिया कर्मी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक, छात्र-छात्राएँ एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित था।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की सी. सी. ए. इंचार्ज खुशबू एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने किया।

कार्यक्रम का समापन प्रसन्नजीत घोष के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार पांडेय, शीतल एस. चावला एवं विवेक कुमार गुप्ता ने सफलतापूर्वक किया।

## Press Release

## Grand Celebration of Independence Day at Oxford Public School

15thAugust, 2024: The 78th Independence Day was celebrated with complete patriotism and zeal in the premises of Oxford Public School, Ranchi. On this historic occasion,the Chief Guest, the Secretary of Oxford Group of Schools, Mrs. Kiran Mehta, hoisted the national flag and took the salute watching the spectacular march past displayed by all four houses – Shakespeare, Byron, Keats and Eliot followed by a splendid Band Display. In the march past, Byron House emerged champion exhibiting amazing co-ordination and received Winner’s Trophy.

The main attractions of the function were the scintillating Inter-House Folk Dance and Folk Song Competitions in which the students showcased their unity in cultural and linguistic diversity which is the sole of our great nation. In the Inter House Folk Song Competition, Keats House clinched the 1st prize, Eliot house 2nd, Shakespeare House 3rd and Byron House achieved consolation prize. In Inter House Folk Dance Competition Keats House bagged the 1st prize, Eliot House 2nd, Byron House 3rd and Shakespeare House achieved consolation prize. The tiny tots of the Junior Wing presented the awesome group song 'O Janmabhumi O Matribhumi’ spreading the feeling of patriotism for the motherland in everyone's heart.

The Principal Ranjeet Kumar Thakur remembered the remarkable roles of the great freedom

fighters in the struggle for freedom and exhorted all the staff and students to work together for the development of the great nation. The Principal further requested the parents and guardians to tell the stories of great freedom fighters to their children so that they will inculcate human values and will have pride for the nation.

On this august occasion, the Chairman of the school, Dr. S.B.P. Mehta in his message congratulated the school family on 78$^{th}$ Independence Day bowing down to the immortal martyrs and inspired the students to ensure active participation in nation building.

The Academic Director of the school, Dr. Simi Mehta, in her speech, highlighted the importance of independence and inspired all the students to participate in the service of the nation with body, mind and spirit and to keep it intact on this momentous occasion. Describing the students as the future of India, she described their contribution in the national interest as very important. The Academic Director pointed out the prevailing suffering, poverty, injustice, discrimination and corruption in society and made an appeal to the students and staff to introspect, self reflect and work hard to change and transform the society by upholding the bravery and glory of the nation in which there will be justice, equality, unity and integrity which will lead to Viksit Bharat by 2047.

The Chief Guest in her address appreciated the high standard of the entire programme and congratulated all the students and staff for their tireless efforts advising them to take the nation to greater heights .

On this momentous occasion, the distinguished dignitaries felicitated the winners of 9$^{th}$ Inter District Satyananda Yoga Championship in which 15 students received Gold, Silver and Bronze Medals and certificates. 15 winners of Inter-House Caricature Competition, 15 winners of Inter-House Poster Making Competition and 30 winners of Inter-House Table Tennis Tournament received certificates from the dignitaries.

On this golden occasion, Academic Co-ordinator Ravi Shekhar, Junior Wing Incharge Rajkishore Sharma, Nursery Wing Principal Soma Ghosh, Examination Incharge P. Tamil Selvi,CCA Coordinator Khushboo Kumari, teachers, parents, students and the entire school family were present.

The programme concluded with a vote of thanks by Prasanjit Ghosh. The entire programme was conducted by Sanjay Kumar Pandey, Sheetal S. Chawla and Vivek Kr. Gupta successfully.